तेरा नाम जपे हम सुखी रहे दे हम को ये वरदान

माँ की आरती गाने वाला दुःख से मुक्ति पायेगा,
इक न इक दिन उसको माँ का दर्शन भी हो जाएगा,
जय शेरावाली माँ जय मेहरवाली माँ तू रखे सबका ध्यान,
तेरा नाम जपे हम सुखी रहे दे हम को ये वरदान,

प्राण दिए है तूने हमको तेरे है आधार,
आती जाती सांसो पर है तेरा ही अधिकार,
तेरा नाम जपे हम सुखी रहे दे हम को ये वरदान,

हम तेरा परिवार है मैया तू जगजनी माँ है,
तेरे जैसी दया की मूरत कोई ओर कहा है
तेरा नाम जपे हम सुखी रहे दे हम को ये वरदान,

हे सबके दुःख अपनी झोली में डाल के सुख बांटे,
फूल बिछा देती है चुन कर राहो के तू कांटे,
तेरा नाम जपे हम सुखी रहे दे हम को ये वरदान,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/12625/title/tera-naam-jpe-hum-sukhi-rahe-de-hum-ko-ye-vardaan

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |